Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अजमेर में ग्राम विकास अधिकारी को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *27 अप्रैल।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर इन्टेलिजेन्स यूनिट, अजमेर इकाई द्वारा आज मंगलवार को अजमेर में कार्यवाही करते हुये ग्राम पंचायत जाजोता, तहसील रूपनगढ़ के ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण मीणा को 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की इन्टेलिजेन्स यूनिट, अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि आवासीय मकान को पट्टा जारी करने की एवज में ग्राम पंचायत जाजोता, तहसील रूपनगढ़ के ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण मीणा द्वारा 9 हजार रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहे हैं।

जिस पर एसीबी की इन्टेलिजेन्स यूनिट, अजमेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री पारसमल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये **कृष्ण मीणा ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत जाजोता, अतिरिक्त चार्ज पनेर पंचायत समिति सिलोरा, तहसील रूपनगढ़, जिला अजमेर को परिवादी से **8 हजार रुपये रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।